**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2241**
**सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 (25 अग्रहायण, 1946 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

## <u>जबलपुर से उड़ानों को बंद किया जाना</u>

**2241. श्री विवेक के. तन्खाः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान जबलपुर से अन्य प्रमुख शहरों को जाने वाली कितनी उड़ानें बंद कर दी गई हैं, तत्संबंधी मार्गवार ब्यौरा क्या है;

(ख) जबलपुर से पुणे, मुम्बई और बेंगलुरू जाने वाली सीधी उड़ानें भी बंद कर दी गईं हैं, जबकि वे लाभ में चल रही थीं;

(ग) क्या सरकार को जबलपुर से पुणे जाने वाली सीधी उड़ानों की मांग के बारे में जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो पुणे जाने वाली सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने हेतु एयरलाइनों को तैयार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)</u>**

(क) से (घ)**:** पिछले पांच वर्षों के दौरान जबलपुर से/के लिए हवाई संपर्क और बंद की गई उड़ानों का विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन को विनियमन मुक्त कर दिया गया है। एयरलाइनें किसी भी प्रकार के विमान के साथ क्षमता बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं, सरकार द्वारा जारी किए गए मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों (आरडीजी) और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित उड़ान शेड्यूल के अनुपालन के अधीन किसी भी बाजार और नेटवर्क को सेवा देने हेतु चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए, यह एयरलाइन प्रचालकों पर निर्भर है कि वे अपनी परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर देश के किसी भी हवाईअड्डे से/के लिए हवाई सेवाएँ शुरू करें।

**अनुलग्नक**

**पिछले 5 वर्षों से जबलपुर हवाईअड्डे की हवाई कनेक्टिविटी**

| अवधि | एयरलाइनों का नाम | जुड़े हुए शहर | वर्तमान में बंद किए गए मार्ग |
|---|---|---|---|
| ग्रीष्म ऋतु 2020 | इंडिगो, स्पाइसजेट, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, कोलकाता | जबलपुर से कोलकाता |
| ग्रीष्म ऋतु 2021 | इंडिगो, स्पाइसजेट, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, पुणे, इंदौर, सूरत, बिलासपुर | जबलपुर से पुणे और सूरत |
| ग्रीष्म ऋतु 2022 | इंडिगो, स्पाइसजेट, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद , दिल्ली, कोलकाता, पुणे, चैन्ने, इंदौर, बिलासपुर, भोपाल | जबलपुर से कोलकाता, चैन्ने, पुणे, भोपाल |
| ग्रीष्म ऋतु 2023 | इंडिगो, एलायंस एयर | मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, इंदौर, बिलासपुर | |
| ग्रीष्म ऋतु 2024 | इंडिगो, स्पाइसजेट, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, इंदौर, बिलासपुर, जगदलपुर | |
| शीत ऋतु 2020 | स्पाइसजेट, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, बिलासपुर | |
| शीत ऋतु 2021 | इंडिगो, स्पाइसजेट, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, पुणे, इंदौर, बिलासपुर | जबलपुर से पुणे |
| शीत ऋतु 2022 | इंडिगो, स्पाइसजेट, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद , दिल्ली, पुणे, इंदौर, बिलासपुर | जबलपुर से पुणे |
| शीत ऋतु 2023 | इंडिगो, स्पाइसजेट, एलायंस एयर | मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, इंदौर, बिलासपुर | |
| शीत ऋतु 2024 | इंडिगो, एलायंस एयर | बैंगलोर, मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, इंदौर, बिलासपुर, जगदलपुर | |

*ग्रीष्म ऋतु : वर्ष में मार्च के अंतिम रविवार से अक्टूबर के अंतिम शनिवार तक।*

*शीत ऋतु : अक्टूबर के अंतिम रविवार से अगले वर्ष मार्च के अंतिम शनिवार तक।*

*****